आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 दिसम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विपक्ष के जासूसी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि संचार साथी ऐप से जासूसी न तो संभव है और न ही होगी। आज लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री सिंधिया ने स्पष्ट किया कि उपयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार पंजीकरण करके ऐप को सक्रिय कर सकते हैं और इससे लाभांवित हो सकते हैं।

संचार साथी पोर्टल की हमने शुरूआत की थी 2023 में और संचार साथी ऐप का प्रयोग हमने 2025 में शुरूआत की है। संचार साथी ऐसा ऐप है जिसके आधार पर जनभागीदारी के आधार पर आज देश की एकदृएक जनता, नागरिक अपने आप को सुरक्षित रख सकता है फ्रॉड से, स्टोलन मोबाइल से, अपने स्टोलन मोबाइल को रिकॉर्ड कर सकता है, रिपोर्ट कर सकता है।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

****

आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर हर वर्ष यह दिवस मनाता है, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया जाता है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी समाज को सही मायने में तभी विकसित कहा जा सकता है जब दिव्यांगजनों के साथ समान व्यवहार किया जाए।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिया गया दिव्यांगजन शब्द सम्मान व एक 'नए भारत' की सोच का प्रदर्शन करता है।

दुनिया के अंदर अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जहां पर दिव्यांगजन को थोड़ा भी संबल मिला तो वह अपने सामर्थ्य से, अपनी शक्ति से समाज के लिए वह सब कुछ करके दिखाया जो सामान्य जन को जिस पर सहजा विश्वास भी नहीं होती है।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी चर्चा की। प्रदेश के कई अन्य जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विविध आयोजन किए गए।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के पहले चरण के दूसरे दिन तमिलनाडु से आये विद्यार्थियों के समूह ने आज हनुमान घाट पहुंच कर गंगा स्नान किया और प्राचीन मंदिरों में दर्शन पूजन किया। एक रिपोर्ट–

विद्यार्थियों को वाराणसी के घाटों और मंदिरों के इतिहास की जानकारी दी गयी। इसके बाद विद्यार्थियों के समूह ने हनुमान घाट स्थित महान तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती के घर का भम्रण किया। तमिलनाडु के प्रतिनिधि मंडल ने पवित्र शंकराचार्य मठ का भी दौरा किया। आज ही नमो घाट पर 'तमिल सीखे–तमिल करकलम' की थीम पर छात्रों के लिए एक विशेष एकेडमिक सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को तमिल भाषा, लोक कथाओं और वहां की संस्कृति से परिचित कराया गया। वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर जारी है। इसके तहत वाराणसी के जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने आज वहां के कई बूथों का औचक निरीक्षण कर फीडिंग व मैपिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सम्बन्धित बूथ लेवल ऑफिसर–बीएलओ को गुणवत्तापूर्ण काम करने का निर्देश दिया।

****

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग–एन.एच.आर.सी. ने प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में चार मजदूरों की कथित मौत और कई अन्य के घायल होने की घटना पर वहां के जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लेते हुए दो हफ्तों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

****

कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र के पकवा इनार के पास आज राष्ट्रीय राजमार्ग अट्ठाइस पर टायर फटने से एक ट्रेलर अनियंत्रित हो कर दूसरी लेन में जा रहे वाहनों से टकरा गया। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दस अन्य गंभीर तौर से घायल हैं।

****